मेरे विश्वास को थोड़ा सा सहारा दे दो

मेरे विश्वास को थोड़ा सा सहारा दे दो ।
बस एक बार सही अपना नजारा दे दो ॥

1. तुम न आये तो मेरे सपने बिखर जाएंगे ।
छोड़ तुमको हम अब और किधर जाएंगे ।
डूबती जाए है कश्ती को किनारा दे दो ॥

2. अपने दीवानों को जी भर के तुमने प्यार किया।
दोष जन्मों के रहे फिर भी ऐतबार किया।
हो खता माफ अपने दर पे गुजारा दे दो ॥

3. तेरी रहमत के बड़े चर्चे सुने हैं हमनें ।
गमजदा लोगों को सीने से लगाया तुमने।
उम्रभर साथ रहूँ ऐसा इशारा दे दो ॥

स्वर÷ परम पूज्या संत करुणामयी गुरु माँ

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1612/title/mere-vishvas-ko-thoda-sa-sahara-de-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |